1697/16-06-2021

# दिनांक 10.06.2021 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप की अध्यक्षता में आई0टी0 कोषांग से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में सहायक निदेशक, प्रशाखा पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मी की उपस्थिति में आई0टी0 कोषांग द्वारा सम्पादित किये जा रहे कार्यों की निम्नवत समीक्षा की गयी :–

**1. मानचित्रों के डोर स्टेप डिलेवरी से संबंधित –**

मानचित्रों के डोर स्टेप डिलेवरी के संबध में पृच्छा करने पर बताया गया कि डाक विभाग द्वारा मानचित्रों के डिलेवरी से संबधित एग्रीमेंट का कार्य लम्बित रहने के कारण उक्त सॉफ्टवेयर के टेस्टिंग का कार्य नहीं हो पा रहा है। इस संबध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेश दिया गया कि डोर स्टेप डिलेवरी सॉफ्टवेयर के टेस्टिंग के अतिरिक्त अन्य सभी कार्य पूर्ण कर लिया जाय ताकि डाक विभाग से एग्रीमेंट होने के पश्चात् 10 दिनों के अन्दर इसे चालू किया जा सके।

उक्त के अतिरिक्त अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग में डोर स्टेप डिलेवरी को अधिष्ठापित करने हेतु स्थल का चयन करने हेतु उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग को आवश्यक निदेश देने हेतु कहा गया। उल्लेखनीय है मानचित्र प्रिन्टिंग का कार्य पूर्व की भांति होता रहेगा। डोर स्टेप डिलेवरी का कार्य उक्त के अतिरिक्त होगा।

**(अनुपालन – सहायक निदेशक)**

**2. बेल्ट्रॉन से संबंधित**

SECLAN से संबंधित अतिरिक्त प्वाइंट (Wired and Wireless) के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि बेल्ट्रॉन को पत्र देने के बावजूद कार्य लम्बित है। इसपर अधोहस्ताक्षरी द्वारा नियमित रूप से स्मार पत्र देने का निदेश दिया गया। स्मार पत्र में पूर्व में भेजे गये पत्रों का भी उल्लेख किया जाय।

**(अनुपालन – सहायक निदेशक/प्रशाखा पदाधिकारी)**

**3. SDC से संबंधित**

भू–मानचित्र का डाटा (Digitized Cadastral map), विशेष सर्वेक्षण कार्य में संलग्न एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराए गए ऑर्थो डाटा को SDC में संधारित करने हेतु पूर्व की बैठकों में दिये गए निदेश के संबध में पृच्छा करने पर संबंधित प्रोग्रामर द्वारा बताया गया कि कोरोना के कारण केवल 5 हार्डडिस्क के डाटा का ट्रान्सफर ही SDC में किया जा सका है। इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेश दिया गया कि शेष डाटा का संधारण SDC में प्राथमिकता के आधार पर कराते हुए इस कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाय।

**(अनुपालन – प्रभारी, आई0टी0 कोषांग)**

**4. सॉफ्टवेयरों से संबंधित**

निदेशालय स्तर पर संचालित विशेष सर्वेक्षण एवं अन्य सॉफ्टवेयर से संबंधित कार्यों की निम्नवत समीक्षा की गयी –

(i) **R2R Software से संबंधित**

(क) अधोहस्ताक्षरी द्वारा R2R Software के इस्तेमाल हेतु संबंधित सहायक आई0डी0/पासवर्ड की उपलब्धता के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि आई0डी0/पासवर्ड संबंधित सहायक को उपलब्ध करा दिया गया है। इस संबंध में निदेश दिया गया कि प्रशाखा पदाधिकारी/संबंधित सहायक इस सॉफ्टवेयर की व्यवहारिक जानकारी प्राप्त कर लें। अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह भी निदेश दिया गया कि इस सॉफ्टवेयर के परिचालन से संबंधित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम रखकर सभी सहायक/लिपिकों को अवगत करा दिया जाय ताकि उक्त सॉफ्टवेयर से संबंधित कार्य करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। यदि इस सॉफ्टवेयर में किसी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता हो तो उससे भी अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने हेतु प्रशाखा पदाधिकारी को कहा गया।

**(अनुपालन – प्रशाखा पदाधिकारी)**

(ख) विशेष सर्वेक्षण कार्य हेतु चयनित 20 जिलों के अतिरिक्त 18 जिलों को R2R Software से संबंधित पासवर्ड/लॉगिन आई0डी0 की उपलब्धता के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि जिलों को लॉगिन आई0डी0 एवं पासवर्ड उपलब्ध करा दिया गया है जिससे उन जिलों में योगदान किये गए नवनियोजित विशेष सर्वेक्षण संविदा कर्मियों की प्रविष्टि उक्त सॉफ्टवेयर में भी किया जा सके ताकि डाटा अद्यतन रहे।

(ग) नवनियोजित संविदा कर्मियों के त्यागपत्र देने के पश्चात् सॉफ्टवेयर के ऑकड़ों को अद्यतन करने के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि उक्त से संबंधित सॉफ्टवेयर में आवश्यक संशोधन कर दिया गया है एवं त्यागपत्र देने वाले कर्मियों की प्रविष्टि भी प्रारंभ कर दी गयी है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा इस संबंध में कहा गया कि स्थापना शाखा प्रविष्टि किये जा रहे त्यागपत्र देने वाले कर्मियों के संबंध में आवश्यक जाँच कर ले ताकि प्रविष्टि में किसी प्रकार की त्रुटि न हो।

**(अनुपालन – प्रशाखा पदाधिकारी)**

(घ) R2R Software के डैशबोर्ड को Dynamic बनाने संबंधी पूर्व में दिये गए निदेश के संबंध में पृच्छा करने पर संबंधित प्रोग्रामर द्वारा बताया गया कि उक्त से संबंधित कार्य किया जा चुका है एवं जल्द ही Software में Implement किया जायेगा।

(ङ) नवनियोजित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के अवकाश से संबंधित मॉड्यूल के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि इसे तैयार कर लिया गया है एवं Attendance Module के संबंध में बताया गया कि जिलों के सर्वेक्षण कर्मियों की उपस्थिति उक्त मॉड्यूल में भी दर्ज की जाती है। इसपर अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेश दिया गया कि सभी बन्दोबस्त कार्यालयों को पत्र के माध्यम से भी सूचित किया जाये कि सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी अपने शिविर प्रभारी को निदेश देंगे की विशेष सर्वेक्षण संविदा कर्मियों की उपस्थिति R2R सॉफ्टवेयर में भी निश्चित रूप से दर्ज की जाय। किसी भी हालत में Backdating स्वीकार नही की जायेगी। संबंधित प्रोग्रामर को यह भी निदेश दिया गया कि उक्त से संबंधित Compile Data Generate करने संबंधी सुविधा सॉफ्टवेयर में दी जाय ताकि कर्मियों के साप्ताहिक/मासिक/दैनिक रूप से उपस्थित/अनुपस्थित के संबंध में आवश्यक जानकारी निदेशालय/जिलों को प्राप्त हो सके। अधोहस्ताक्षरी द्वारा भविष्य में मोबाईल के माध्यम से भी उपस्थिति दर्ज करने हेतु प्रोग्रामर को सॉफ्टवेयर बनाने का प्रयास करने को कहा गया जिसमें उपस्थिति दर्ज करने वाले कर्मियों के Latitude/Longitude भी संधारित हो सके।

**(अनुपालन – प्रभारी, आई0टी0 कोषांग)**

(च) नवनियोजित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के डाटा यथा EPF/ Bank Account आदि को अद्यतन करने संबधी प्रावधान के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि इसे सॉफ्टवेयर में लागू कर दिया गया है।

(छ) अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेशालय में कार्यरत सभी प्रोग्रामरों को निदेश दिया गया कि उनके द्वारा सम्पादित किये जा रहे सभी कार्यो की जानकारी एक दूसरे से साझा करेंगे ताकि किसी एक के अनुपस्थिति में महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित न हो सके।

**(अनुपालन – प्रभारी, आई0टी0 कोषांग)**

(ज) अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग के सभी कर्मियों को R2R Software में सम्मिलित करने के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि गुलजारबाग के कर्मियों की आवश्यक विवरणी मंगाकर शीघ्र ही इस कार्य को सम्पन्न करा दिया जायेगा।

**(अनुपालन – सहायक निदेशक/प्रशाखा पदाधिकारी)**

(झ) अधोहस्ताक्षरी द्वारा Online Recruitment मॉड्यूल निदेशालय को R2R Software में सम्मिलित करने हेतु उपलब्ध कराने से संबंधित एन0आई0सी0, पटना को पत्र देने हेतु निदेश दिया गया। उल्लेखनीय है कि ऑनलाईन नियुक्तियों से संबधित मॉड्यूल पूर्व में ही एन0आई0सी0 द्वारा निदेशालय के लिए विकसित किया जा चुका है एव निदेशालय द्वार इसका भुगतान भी किया जा चुका है।

**(अनुपालन – सहायक निदेशक/प्रशाखा पदाधिकारी)**

(ञ) अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेशालय में संधारित नवनियोजित कर्मियों के फोल्डरों को स्कैन करने के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि इस संबंध में टेन्डर की कार्रवाई की जा रही है। इसपर अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेश दिया गया कि शीघ्र ही स्कैनिंग का कार्य प्रारंभ कराया जाय।

**(अनुपालन – सहायक निदेशक/प्रशाखा पदाधिकारी)**

(ii) **भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर से संबंधित**

भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रपत्र–6 की प्रविष्टि की जा रही है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा इस सॉफ्टवेयर की सिक्यूरिटी ऑडिट करने संबंधी आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया ताकि शीघ्र Clearance Certificate प्राप्त किया जा सके। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेश दिया गया कि शिविर में यदि किसी मौजो के नाम जो सॉफ्टवेयर में नहीं है को जोड़ना तभी सम्भव हो सकेगा जब इससे संबंधित प्रस्ताव समाहर्त्ता स्तर से निदेशालय को प्राप्त होगा।शिविर में संलग्न किये गए मौजों के नाम एवं RT Number में परिवर्त्तन का Interface तैयार करने का निदेश दिया गया। उक्त से संबंधित Modification निदेशालय स्तर पर संतुष्ट होने के पश्चात् ही आई0टी0 सेल द्वारा किया जा सकेगा।

**(अनुपालन – प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग )**

(iii) **भू–नक्शा सॉफ्टवेयर से संबंधित**

भू–नक्शा सॉफ्टवेयर के संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेश दिया गया कि यदि उक्त सॉफ्टवेयर में यदि किसी प्रकार की कठिनाई हो तो समाधान हेतु अविलम्ब लिखित रूप से एन0आई0सी0 को सूचित किया जाय। भू–नक्शा सॉफ्टवेयर के परिचालन संबंधी जानकारी हेतु एन0आई0सी0 के साथ बैठक करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन – प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग )**

(iv) GCN (Ground Control Network) **सॉफ्टवेयर से संबंधित**

उक्त सॉफ्टवेयर के संबंध में पृच्छा करने पर जी0आई0एस0 सलाहकार द्वारा बताया गया कि इस सॉफ्टवेयर में इन्ट्री किये गए डाटा हेतु Reporting Section में आवश्यक Format तैयार किया जा रहा है जिसे शीघ्र अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थापित कर दिया जायेगा। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेश दिया गया कि सर्वेक्षण कार्य में संलग्न एजेंसी द्वारा इस सॉफ्टवेयर में आवश्यक प्रविष्टि शीघ्र कराया जाय। यदि किसी प्रकार की असुविधा हो रही हो तो लिखित रूप से अधोहस्ताक्षरी को भी उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन – जी0आई0एस0 सलाहकार )**

**5. वेबसाइट से संबंधित**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेशालय के वेबसाईट को अद्यतन रखने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन – प्रभारी, आई0टी0 कोषांग )**

**6. बिहार प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट**

अधोहस्ताक्षरी द्वार बिहार प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट के कर्मियों के पारिश्रमिक में वृद्धि हेतु नियमानुसार कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन – सहायक निदेशक)**

**7. मानचित्रों का डिजिटाईजेशन**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा शाहाबाद के 04 जिलों के साथ–साथ मुशहरी अंचल के मानचित्रों के डिजिटाईजेशन का कार्य की प्रगति से संबंधित अनुपालन प्रतिवेदन शीघ्र उपस्थापित करने का निदेश के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

**(अनुपालन – उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग)**

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
बिहार, पटना।

ज्ञापांक :–01/भू0अ0नि0(7) विविध (बैठक) आई0टी0सेल–07/2021-1697 पटना, दिनांक–16-06-2021

**प्रतिलिपि** :– उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय गुलजारबाग/सहायक निदेशक/उप सचिव/प्रशाखा पदाधिकारी/संबंधित पदाधिकारी/कर्मी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक

ज्ञापांक :–01/भू0अ0नि0(7) विविध (बैठक) आई0टी0सेल–07/2021-1697 पटना, दिनांक–16-06-2021

**प्रतिलिपि** :– प्रभारी, आई0टी0 कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं निदेशालय के वेबसाइट पर प्रकाशित कराने हेतु प्रेषित।

निदेशक